Regarding need to give fair compensation to farmers whose lands have been acquired for laying of oil pipeline in Charkhi Dadri and Bhiwani districts in Haryana-Laid

श्री धर्मबीर सिंह **(**भिवानी**-**महेन्द्रगढ़**) :** जिला चरखी दादरी और भिवानी के कई गांवों के किसानों की समस्या सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूँ । गुजरात से पानीपत तक बिछाई जा रही तेल पाइपलाइन इन किसानों के खेतों से होकर गुजर रही है । इस प्रक्रिया में उनकी भूमि तेल कंपनी के नाम हस्तांतरित हो चुकी है, लेकिन किसानों को अभी तक उनकी भूमि का उचित मुआवजा नहीं दिया गया है ।

अतः सरकार से निवेदन है कि इस विषय पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए प्रभावित किसानों को उनकी भूमि का उचित मुआवजा दिलाने की कृपा करे ।